21/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज कुवैत पुहँचने पर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया गया। अपने सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यह यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कुवैत मित्रता को और मजबूत करेगा। उन्होनें विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा भारत और कुवैत के लोगों के बीच आपसी संबंधों को भी और गेहरा करेगा।

0000000000000000000

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर को विश्व का केन्द्र बिन्दु बना दिया है। अगरतला में आज पूर्वोत्तर परिषद के 72वें पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष पूर्वोत्तर के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार निवेशकों को पूर्वात्तर क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। श्री शाह ने कहा कि पहले पूर्वोत्तर की केवल बात होती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इस क्षेत्र के विकास को महत्व देने के लिए ईमानदारी से प्रयास किये हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में पूर्वोत्तर के सभी राज्य समृद्ध बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नेतृत्व वाली सरकार का उद्देश्य पूर्वोत्तर को बाकी देश के बराबर लाना है। श्री अमित शाह ने कहा कि इस क्षेत्र में उग्रवादी गतिविधियों में 71 प्रतिशत की गिरावट आई है और मानव जीवन की क्षति में 60 प्रतिशत कमी आई है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्रियों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में 80 दौरे किए हैं और प्रधानमंत्री रिकॉर्ड चौसठ बार पूर्वोत्तर गए हैं।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाईक ने आज त्रिपुरा के अगरतला में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 72वें पूर्ण अधिवेशन को संबोधित किया। उन्होंने एनईसी मंच पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, पर्यटन, कृषि, उद्योग, कानून और व्यवस्था, युवा मामले, महिला सशक्तिकरण और प्रौद्योगिकी में राज्य की उपलब्धियों और चुनौतियों और विकसित भारत के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। सत्र पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा, अरुणाचल प्रदेश भारत के सबसे महत्वाकांक्षी राज्यों में से एक है, जहां युवा आबादी के विकास और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर हमेशा महत्वपूर्ण ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे राष्ट्र 'अमृत काल' के अगले पच्चीस वर्षों की ओर बढ़ रहा हैं, अरुणाचल प्रदेश 2047 तक 'विकसित भारत' को साकार करने के राष्ट्र के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने एनईसी के माध्यम से अरुणाचल प्रदेश राज्य को उनके समर्थन के लिए केंद्र सरकार और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय (डीओएनईआर) के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

0000000000000000000

राज्य के उपमुख्यमंत्री और वित्त मामलों के प्रभारी चाउना मेंन ने गत शुक्रवार राजस्थान के जैसलमेर में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में बजट पूर्व परामर्श बैठक में भाग लिया। इस बैठक के दौरान, श्री मेंन ने एक महत्वपूर्ण सीमावर्ती राज्य के रूप में अरुणाचल प्रदेश की अनूठी स्थिति पर प्रकाश डाला। साथ ही राज्य में

पहुंच और आर्थिक अवसरों के बेहतर बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने राज्य के चुनौतीपूर्ण भूभाग से उत्पन्न वित्तीय चुनौतियों की ओर ध्यान केंद्रीत करते हुए राज्यों को संसाधन आवंटित करते समय 'कोस्ट डिजेबिलिटी इंडेक्स' को लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने वित्तीय सहायता और तकनीकी विशेषज्ञता दोनों के लाभों का दोहन करने के लिए वैकल्पिक वित्त पोषण तंत्र का भी अनुरोध किया। श्री मेंन ने नेफा युग की पुरानी इमारतों को बदलने और बुनियादी ढांचे के लिए एक विशेष वित्तीय पैकेज का प्रस्ताव भी रखा।

0000000000000000000

न्यिशी एलीट सोसाइटी द्वार आज क्रा दादी जिले के पालिन में डीसी ऑफिस परिसर में सरेंडर एयर गन म्यूजियम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर राज्य के शहरी मामलों के मंत्री बालो राजा ने सभी से वन्यजीवों और पर्यावरण को बचाने और उनकी रक्षा करने के लिए इस पहल जुड़ने का आह्वान किया। इसके अलावा, एनईएस के महासचिव हेरी मारिंग ने कहा कि आज संग्रहालय का उद्घाटन एक ऐसी पहल है जो न केवल आदिवासी लोगों को बल्कि पूरे राज्य में रहने वाले लोगों को भी प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि, इस तरह के संग्रहालय जल्द ही सभी न्यिशी निवासिय जिलों में शुरू किए जाएंगे। इस बीच, 'एयर गन सरेंडर अभियान' के तहत एयर गन सरेंडर करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग (APSCW), ईटानगर ने गत शुक्रवार पापुम पारे जिले के सागली में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के असेंबली हॉल में राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित **'एमपावारिंग विमेन कॉमबेटिंग सबस्टांस एब्युस इन नोर्थ ईस्ट इंडिया'** विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। APSCW की उपाध्यक्ष नाबाम याही ताद ने राज्य में मादक पदार्थों के सेवन के प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से नशीली दवाओं से दूर रहने और समाज में अच्छा उदाहरण पेश करने का आह्वान किया। उन्होंने गांव बुराह से क्षेत्र में नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया। इस बैठक में 150 से अधिक प्रतिभागी मौजूद रहें।

0000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नाबार्ड, आर.बी.आई और नोर्थ ईस्टर्न डेवेलप्मेंट फाईनान्स कोर्पोरेशन लिमिटेड- NEDFI से पुर्वोत्तर राज्यों में वित्त आवंटन के लिए अलग अलग दिशा निर्देश तैयार करने का जारी किया। अगरतला में नोर्थ ईस्ट बैंकर्स कॉन्क्लेव 2024 को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह क्षेत्र आने वाले समय में निवेश के सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा। बैंकर्स से वित्त सहायता प्रदान करते हुए एक निश्चित समय तक जोखिम उठाने का आग्रह करते हुए गृह मंत्री ने क्षेत्र कि समृद्धि के लिए वित्त नितियों को लचिला बनाने का आग्रह किया।

0000000000000000000